**शोक** जयनिल की अंतिम बिदाई में उमड़ा जनसैलाब, क्षेत्र में शोक की लहर

# लखनऊ अग्निकांड में बुझ गया भालूमाड़ा का चिराग

**जमुना कोतमा नवभारत 23 जून।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के अलीगंज क्षेत्र में हुए भीषण अग्निकांड ने अनूपपुर जिले के भालूमाड़ा क्षेत्र को गहरे शोक में डुबो दिया। हादसे में जान गंवाने वाले भालूमाड़ा निवासी जयनिल चक्रवर्ती का पार्थिव शरीर मंगलवार को उनके गृह निवास पहुंचा, जहां अंतिम दर्शन के लिए सैकड़ों लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। नम आंखों और भारी मन से क्षेत्रवासियों ने अपने प्रिय युवा को अंतिम विदाई दी।



जयनिल चक्रवर्ती, एसईसीएल जमुना-कोतमा क्षेत्रीय अस्पताल में पदस्थ एक्स-रे टेक्निशियन जयंत चक्रवर्ती के ज्येष्ठ पुत्र थे। वे पिछले लगभग तीन वर्षों से लखनऊ में आईटी क्षेत्र में गेम डेवलपर के रूप में कार्यरत थे और अपने उज्ज्वल भविष्य की ओर तेजी से बढ़ रहे थे।

### कम उम्र में अपने कार्यक्षेत्र में पहचान बना ली थी

परिजनों के अनुसार जयनिल मेहनती, प्रतिभाशाली और मिलनसार स्वभाव के युवक थे, जिन्होंने कम उम्र में ही अपने कार्यक्षेत्र में पहचान बना ली थी। बताया गया कि सोमवार दोपहर अलीगंज स्थित एक भवन में भीषण आग लग गई। आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया और कई लोग इसकी चपेट में आ गए।

### हर किसी की आंखें नम थीं

मंगलवार दोपहर जब उनका पार्थिव शरीर भालूमाड़ा पहुंचा तो परिजन, रिश्तेदार, मित्र, पड़ोसी और बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी अंतिम दर्शन के लिए एकत्रित हुए। अंतिम यात्रा में लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। हर किसी की आंखें नम थीं और माहौल गमगीन था। लोगों ने कहा कि जयनिल की असामयिक मृत्यु ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है।

### अग्निकांड ने परिवार का सहारा छीन लिया

पड़ोसियों और परिचितों ने जयनिल को एक होनहार, संस्कारी और व्यवहार कुशल युवा बताते हुए कहा कि उनकी कमी लंबे समय तक महसूस की जाएगी। एक होनहार युवा की असमय मृत्यु ने न केवल एक परिवार का सहारा छीन लिया, बल्कि पूरे क्षेत्र को गमगीन कर दिया। लखनऊ अग्निकांड की यह त्रासदी भालूमाड़ा के लोगों के लिए लंबे समय तक एक दर्दनाक स्मृति बनी रहेगी।

## लाइन कर्मियों को बरसाती और सुरक्षा उपकरण देने की मांग

**नवभारत, जबलपुर।** विद्युत लाइन कर्मियों को बरसाती और सुरक्षा उपकरण देने की मांग मध्य प्रदेश विद्युत मंडल तकनीकी कर्मचारी संघ ने की है। इस संबंध में संघ के हरेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि आगामी दिनों में लगातार बारिश और तेज हवाओं के कारण पोल, विद्युत लाइनें एवं पेड़ की शाखाएं गिरने की संभावना रहती है। इनके सुधार कार्य के लिए लाइन कर्मियों को करंट के बीच जोखिमपूर्ण काम करना पड़ता है, जिसके लिए उन्हें बरसाती और सुरक्षा उपकरणों की बेहद जरूरत होती है। संघ के शंभू नाथ सिंह, राम केवल यादव, बीपी सिंह, वैदेही शरण चतुर्वेदी, अजय मिश्रा, मोहन दुबे, अजय कश्यप, राजकुमार सैनी, विनोद दास, लखन सिंह राजपूत और दशरथ शर्मा आदि ने बिजली कंपनी के प्रबंध संचालकों से मांग की है कि सभी नियमित, संविदा एवं आउटसोर्स कर्मियों को जल्द से जल्द बरसाती व सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए जाएं।



# पत्नी सहित महापौर ने राष्ट्रपति से की आत्मीय भेंट

**नवभारत, जबलपुर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के जबलपुर आगमन पर नगर के प्रथम नागरिक महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' ने अपनी धर्मपत्नी यामिनी सिंह के साथ सर्किट हाउस में आत्मीय सौजन्य भेंट की। उन्होंने जबलपुर की गौरवशाली सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत के प्रतीक स्वरूप जीवनदायिनी माँ नर्मदा की पावन पाषाण शिल्प कलाकृति और वीरांगना रानी दुर्गावती की भव्य प्रतिमा सप्रेम भेंट कर सपत्नीक आशीर्वाद लिया।

### विकास कार्यों का दिया लेखा-जोखा

इस विशेष भेंट वार्ता में महापौर ने राष्ट्रपति को बीते साढ़े तीन वर्षों के कार्यकाल में जबलपुर में हुए अभूर्वपूर्ण विकास कार्यों की प्रगति रिपोर्ट साझा की। उन्होंने नगर निगम द्वारा संचालित जनहितैषी योजनाओं, स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट्स और अधोसंरचना विकास की उपलब्धियों से विस्तार से अवगत कराया, जिसे राष्ट्रपति ने बेहद भाव से सुना और सराहा।

### महापौर बीजारोपण का आमंत्रण

महापौर ने आगामी 20 दिसंबर को आयोजित होने वाले ऐतिहासिक 'महापौर बीजारोपण' महा-आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में पधारने का स्नेहिल न्यौता राष्ट्रपति को दिया। उन्होंने बताया कि इस वृहद जन-आंदोलन और विकास उत्सव में करीब 50 हजार नागरिकों की गरिमामयी भागीदारी होगी। राष्ट्रपति ने इन जनहितैषी प्रयासों की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए सफल कार्यक्रम की शुभकामनाएं दीं।

# बैगा आहार योजना का लाभ दिलाने की मांग

**जनसुनवाई में कलेक्टर ने 63 आवेदनों की सुनवाई**

**अनूपपुर, नवभारत 23 जून।** जिला स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में आयोजित किया गया। जनसुनवाई में कलेक्टर हर्षल पंचोली ने जिलेभर से प्राप्त 63 आवेदनों पर सुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याओं और मांगों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। ग्राम बम्हनी निवासी अर्चना बैगा ने पात्रतानुसार बैगा आहार योजना का लाभ दिलाने की मांग की। ग्राम कुसियरा के सोनू यादव ने लाड़ली लक्ष्मी योजना का लाभ एवं गरीबी



रेखा के नीचे राशन कार्ड बनाए जाने का आवेदन दिया।

### भूमि अधिग्रहण का मुआवजा दिलाने की मांग

इसी प्रकार ग्राम खोड़री नंबर 1 के मुकेश तिवारी ने पशुधन हानि पर सहायता राशि, ग्राम सुईडांड के बाबूलाल ने ओलावृष्टि से फसल क्षति पर मुआवजा सहायता तथा बरगवां निवासी मुन्नी भरिया ने नक्शा तरमीम कराने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। नगर परिषद ढोला वार्ड क्रमांक-2 के फगुना कोल ने एसईसीएल द्वारा भूमि अधिग्रहण के मामले में उचित मुआवजा दिलाने की मांग की।

## राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान 28 से

**अनूपपुर, नवभारत।** जिले में 28 जून से 30 जून तक राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष तक के 1 लाख 12 हजार 498 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने अभियान की सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए हैं। जानकारी के अनुसार अभियान के पहले दिन 28 जून को जिले के सभी निर्धारित पोलियो बूथों पर बच्चों को दवा पिलाई जाएगी। इसके बाद 29 और 30 जून को स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर पहुंचकर ऐसे बच्चों को पोलियो की खुराक देंगी, जो किसी कारणवश पहले दिन बूथ तक नहीं पहुंच सके। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने अभियान की समीक्षा करते हुए अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि पोलियो उन्मूलन के इस अभियान में जिले का कोई भी बच्चा छूटना नहीं चाहिए।

# स्कूल व मंदिरों के आसपास हो रही शराब बिक्री




**नागरिकों का आरोप, श्रमिक नगर सहित गांवों में जांच की मांग**

**कोतमा नवभारत 23 जून।** कोतमा क्षेत्र में शराब दुकानों पर प्रिंट रेट से अधिक कीमत वसूले जाने और कथित रूप से पैकारी के माध्यम से गांव-गांव शराब बिक्री किए जाने के आरोपों को लेकर स्थानीय नागरिकों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

क्षेत्रवासियों ने आबकारी विभाग एवं जिला प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि श्रमिक नगर सहित आसपास के कई गांवों में शराब दुकानों से अवैध रूप से शराब की सप्लाई की जा रही है। नागरिकों का कहना है कि निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर शराब बेचे जाने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। आरोप यह भी हैं कि कुछ स्थानों पर स्कूलों और मंदिरों के आसपास तक शराब की बिक्री हो रही है।

### शराब ठेकेदार के साथ अन्य लोगों के नाम भी चर्चा में

क्षेत्रवासियों के अनुसार इन गतिविधियों में शराब ठेकेदार वीरेन्द्र राय सहित कुछ अन्य लोगों के नाम भी चर्चा में हैं। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन लगातार मिल रही शिकायतों के कारण लोगों ने मामले की गंभीर जांच की मांग उठाई है। स्थानीय नागरिकों ने चेतावनी दी है यदि शिकायतों पर शीघ्र और प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो जनहित में आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

### इनका कहना है

शराब दुकानों में प्रिंट रेट से अधिक मूल्य पर बिक्री अथवा कथित पैकारी की शिकायतें प्राप्त होने पर संबंधित मामलों की जांच कराई जाएगी। इस प्रकार की शिकायतें हमें पहले भी मिली हैं, जिन पर हमारी जांच जारी है। जांच में किसी प्रकार की अनियमितता या नियमों का उल्लंघन पाया जाता है तो नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

**कृष्णकांत उईके**
**आबकारी अधिकारी, कोतमा**

## एक नजर में



### मां तुझे प्रणाम योजना से लौटे युवाओं का सम्मान

**अनूपपुर, नवभारत।** मध्यप्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी मां तुझे प्रणाम योजना के अंतर्गत अनुभव यात्रा से लौटे जिले के युवा प्रतिभागियों का मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सम्मान किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर हर्षल पंचोली एवं पुलिस अधीक्षक विक्रांत मुराब के मार्गदर्शन में किया गया। यात्रा से लौटने के बाद महिला प्रतिभागियों एवं दल प्रभारी को रेलवे स्टेशन से पुलिस वाहन द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय लाया गया, जहां पुलिस अधीक्षक विक्रांत मुराब ने सभी प्रतिभागियों एवं दल मैनेजर का स्वागत कर उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रतिभागियों ने जिले का प्रतिनिधित्व कर अनूपपुर का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने युवाओं से यात्रा के अनुभवों को जीवन में उतारकर समाज और जिले के विकास में योगदान देने का आह्वान किया।

### हृदय रोग से पीड़ित मासूम शिव कुमार को मिलेगा नि:शुल्क उपचार, भोपाल रेफर



**अनूपपुर, नवभारत 23 जून।** जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग की संवेदनशील पहल से जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित मासूम शिव कुमार टांडिया के बेहतर उपचार की राह प्रशस्त हुई है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत बालक को उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए भोपाल रेफर किया गया है, जहां उसकी ईको जांच सहित आवश्यक सर्जरी पूरी तरह नि:शुल्क कराई जाएगी। कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अल्का तिवारी के मार्गदर्शन में बालक को भोपाल भेजने की समुचित व्यवस्था की गई। शासन की योजना के अंतर्गत उपचार से संबंधित सभी खर्च, जिसमें आवागमन, आवश्यक जांच एवं मेजर सर्जरी शामिल है, शासन द्वारा वहन किए जाएंगे। इससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को बड़ी राहत मिलेगी।



### भरत की पुलिस मुठभेड़ में मौत पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**बिजुरी, नवभारत।** भोजपुर जिले के शाहपुर गांव निवासी भरत भूषण तिवारी की पुलिस मुठभेड़ में हुई मौत को लेकर जन आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार शाम बिजुरी के हनुमान मंदिर चौक पर लोक कल्याण परिषद के तत्वावधान में श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर न्यायिक जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की गई। सभा में उपस्थित लोगों ने भरत भूषण तिवारी की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर उन्हें नमन किया गया। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति ने कानून का उल्लंघन किया है तो उसके खिलाफ न्यायिक प्रक्रिया के तहत कार्रवाई होनी चाहिए। लोगों का आरोप है कि भरत तिवारी के आत्मसमर्पण के बाद हुई मुठभेड़ न्यायोचित नहीं थी। वक्ताओं ने इसे संविधान के अनुच्छेद-21 में प्रदत्त जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार के विरुद्ध बताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की।

# आदिवासी नेतृत्व को मजबूत करने का संकल्प

**नवनियुक्त कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्षों का सम्मान समारोह आयोजित**

**अनूपपुर, नवभारत 23 जून।** जिला आदिवासी कांग्रेस द्वारा जिला अध्यक्ष आशुतोष सिंह मार्को के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन, अनूपपुर में नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया।



कार्यक्रम में संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत बनाने, आदिवासी समाज के अधिकारों की रक्षा तथा सामाजिक न्याय की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक एवं जिला प्रभारी अजय सिंह रहे, जबकि अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी अनूपपुर के अध्यक्ष श्याम कुमार 'गुड्डू' चौहान ने की।

### आदिवासी समाज देश की सांस्कृतिक पहचान है : सिंह

समारोह में विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रीति रमेश सिंह, पूर्व विधायक सुनील शराफ सहित कांग्रेस संगठन के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों का सम्मान करते हुए मुख्य अतिथि अजय सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा आदिवासी, किसान, मजदूर, युवा और कमजोर वर्गों के अधिकारों की लड़ाई लड़ती रही है।

# प्रतिभाशाली बच्चों का 360 गोत्रीय खटीक समाज ने किया सम्मान

**नवभारत, जबलपुर।** बलपुर-360 गोत्रीय खटीक समाज के संयोजन में महाराजा खटवांग के-360 ग्रुप द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें समाज के कक्षा दसवीं, बारहवीं के प्रतिभाशाली बच्चों का सम्मान और समाज के वरिष्ठजनों का भी सम्मान किया गया। जबलपुर 360 गोत्रीय खटीक समाज के द्वारा देश व प्रदेश की बोर्ड तथा प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतर परिणाम देने वाले समाज के प्रतिभाशाली मेधावी छात्र-छात्राओं को



प्रोत्साहित करने तथा समाज में शिक्षा की अलख जाग्रत करते हुए समाज की सामाजिक प्रगति के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस उद्देश्य से समाज के 23 मेधावी छात्र-छात्राओं को मंच पर पुष्प माला, स्मृति-चिन्ह, प्रशस्ति-पत्र, बैग व 1100/- नगद राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही समाज के पथ-प्रदर्शक एवं मार्गदर्शक वरिष्ठ जनों का भी इस अवसर पर शाल श्रीफल भेंटकर पुष्प-मालाओं से सम्मान किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में समाज के समाजसेवी एवं पूर्व विधानसभा क्षेत्र के विधायक लखन घनघोरिया मुख्य अतिथि के रुप में एवं करन सिंह भोजक अध्यक्ष सम्मेलन समिति, राजकुमार भोजक अध्यक्ष सराफा, रमेश सिंह पीपरा अध्यक्ष भानतलैया विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में समाज के खूबचंद तोमर, चिंतामन ठगेले, रंजीत पचौरी, धर्मेंद्र कुकरेले, योगेश चौधरी उपस्थित रहे।

**चेतावनी** दूध के उचित मूल्य की मांग को लेकर किसानों ने निकाली रैली

# 25 जून से दूध आपूर्ति बंद करने की चेतावनी

**अनूपपुर, नवभारत 23 जून।** जिले के दुग्ध उत्पादक किसानों ने दूध के उचित मूल्य की मांग को लेकर मंगलवार को एक विशाल एवं शांतिपूर्ण रैली निकाली। रैली का शुभारंभ तुलसी कॉलेज, अनूपपुर से हुआ, जो नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए सामतपुर में जाकर संपन्न हुई।

रैली में बड़ी संख्या में दुग्ध उत्पादक किसानों ने भाग लिया और अपनी मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की। किसानों का कहना है कि पशुपालन की लागत लगातार बढ़ती जा रही है। पशुओं के चारे, दवाइयों एवं रखरखाव पर होने वाला खर्च बढ़ने के बावजूद दूध के क्रय मूल्य में अपेक्षित वृद्धि नहीं हुई है, जिससे



दुग्ध उत्पादकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

### दूध के दाम बढ़ाने की मांग

रैली के दौरान किसानों ने मांग की कि गाय के दूध का मूल्य 60 रुपये प्रति लीटर तथा भैंस के दूध का मूल्य 70 रुपये प्रति लीटर निर्धारित किया जाए, ताकि पशुपालकों को उनकी मेहनत का उचित प्रतिफल मिल सके।

### समाधान नहीं होने तक आंदोलन जारी रहेगा

दुग्ध उत्पादक किसानों ने जिले के सभी डेयरी संचालकों को ज्ञापन सौंपते हुए दूध का क्रय मूल्य बढ़ाने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो 25 जून से जिले में दूध की आपूर्ति बंद कर दी जाएगी। दुग्ध उत्पादक संघ जिला अनूपपुर के पदाधिकारियों ने कहा कि जब तक किसानों को दूध का उचित मूल्य नहीं मिलेगा, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

### अधिकारों की लड़ाई में सहयोग की अपील

उन्होंने जिले के सभी दुग्ध उत्पादक किसानों से एकजुट होकर अपने अधिकारों की लड़ाई में सहयोग करने की अपील की। किसानों के इस आंदोलन को देखते हुए डेयरी संचालकों एवं प्रशासन की ओर से आगामी दिनों में क्या निर्णय लिया जाता है, इस पर जिलेभर के दुग्ध उत्पादकों की नजर बनी हुई है।




# रुस्तम पुरस्कार से अलंकृत हुए नौ पुलिस अधिकारी

**गुंजन कला सदन ने किया सम्मानित**

**नवभारत, जबलपुर।** सजग और वीर पुलिस अधिकारियों के समर्पण और त्याग के कारण समाज में आम नागरिक शांति और चैन की नींद सो पाता है, पुलिस कर्मी वास्तव में समाज के सजग प्रहरी होते हैं। सीमा पर हमारे वीर सैनिकों की भाति देश के भीतर पुलिस की भूमिका उतनी महत्वपूर्ण और अहम होती है आज उनका अभिनंदन कर नगर वासी गौरव का अनुभव कर रहे हैं। तदाशय के सारगर्भित विचार गुंजन कला सदन मध्यप्रदेश द्वारा रुस्तमजी पुरुस्कार से अलकृंत नौ वीर रत्न अधिकारियों का अभिनंदन करते हुए अतिथियों ने व्यक्त किए।

इस कार्यक्रम में महापौर जगत बहादुर सिंह, विधायक अजय विश्नोई, अतुलसिंह डी.आई.जी., मनोहर वर्मा पूर्व डी.आई. जी. एवं कार्यकारी अध्यक्ष हिमांशु तिवारी ने जबलपुर और अन्य शहरों में अपनी कर्तव्यनिष्ठता से प्रभावित करने वाले राजेश तिवारी (पूर्व ए. आई.जी.), गोपाल खाण्डेल (पूर्व एडीशनल एस.पी.) भावना मरावी (एडी.एस.पी.रेल्वे ), प्रभात शुक्ल (पूर्व सी. एस. पी.), रवीन्द्र गौतम (पूर्व डी.एस.पी.) राजेंद्र बागारी (पूर्व इंस्पेक्टर ), नरेन्द्र मिश्रा इंस्पेक्टर, जयप्रकाश आर्य (आर. आई.) एवं जय कुमार चौधरी कांस्टेबल को श्रीफल, शाल, माला एवं अभिनंदन पत्र से अभिनंदित किया। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष अतिथिगण एवं सनत जैन, लायन नरेन्द्र जैन, प्रतुल श्रीवास्तव, विजय जायसवाल, विनोद यादव ने दीप प्रज्ज्वलन किया। कार्यकारी अध्यक्ष हिमांशु तिवारी ने आभार एवं संचालन प्रतुल श्रीवास्तव एवं राजेश पाठक प्रवीण ने किया।

इस अवसर पर पीपल वाला मित्र मंडली, हनुमान मंदिर समिति कछियाना स्मारक पथ व्यापारी संघ, पायलवाला ग्रुप एवं बलदाऊ मंदिर ट्रस्ट के सदस्यों ने राजेश तिवारी का शौर्य प्रतीक तलवार, सम्मान पत्र भेंट किया। कार्यक्रम में अभय जैन, पकंज शाह, सुनील श्रीवास्तव, आलोक पाठक, डॉ. रजनीश गर्ग, राजीव गुप्ता, लायन उमेश जैन, लायन यशवंत सेंगर, रमाकांत गौतम सहित अन्य मौजूद रहे।

## सशक्त हस्ताक्षर की 49वीं काव्य गोष्ठी आयोजित

**नवभारत, जबलपुर।** साहित्यिक संस्था सशक्त हस्ताक्षर की 49वीं काव्य गोष्ठी नूतन मराठी स्कूल गोलबाजार में आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत मंजु इंगले द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुई। इसके बाद संस्थापक गणेश श्रीवास्तव 'प्यासा' ने सभी का स्वागत किया। गोष्ठी में मुख्य अतिथि अरुण शुक्ल और अध्यक्ष महामहोपाध्याय आचार्य डॉ. हरिशंकर दुबे मौजूद रहे, जबकि सारस्वत अतिथि राजेश पाठक प्रवीण और विशिष्ट अतिथि उर्मिला श्रीवास्तव, दीनदयाल तिवारी 'बेताल', डॉ. विजय तिवारी 'किसलय' और अमरसिंह वर्मा रहे। अतिथियों ने कहा कि कविता मानव मन को आनंद और सकारात्मक ऊर्जा देती है तथा काव्य गोष्ठियाँ बेहतर समाज के निर्माण में सहायक हैं। इस दौरान महेश स्थापक, योगेन्द्र मालवीय, चंद्रप्रकाश श्रीवास्तव, दिवाकर शर्मा, आनंद श्रीवास्तव और बच्चन श्रीवास्तव ने स्वागत व अभिनंदन में सहयोग किया।